दिनांक : 02.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

समाचार.....

प्रधानमंत्री–भारत ग्रीस वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे और पश्चिम एशिया में विकास सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। उन्होंने व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

गोवर्धन पूजा

आज पूरे प्रदेश में गोवर्धन पूजा मनाई जा रही है। सदियों से दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा मनाने की परंपरा रही है। यह भगवान कृष्ण की वर्षा के देवता इंद्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक अनुष्ठान के रूप में, घर के प्रवेश द्वार के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और लोग इस दिन गायों की पूजा करते हैं। इस दिन को अन्नकूट के रूप में भी मनाया जाता है और इस शुभ दिन पर भक्त विशेष पूजा करते हैं। राज्य स्तरीय गोवर्धन–पूजा कार्यक्रम आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति के सम्मान का उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौ माता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। वहीं प्रदेश में अलग–अलग दुग्ध संघ के माध्यम से दूध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

गोवर्धन पर्व के सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व पर केन्द्रित इस आयोजन में गौ–संस्कृति, परिवेश के प्रदर्शन और स्वास्थ्य आधारित लाभों पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिलों की प्रमुख गौ–शाला में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जबलपुर,आगरमालवा,शिवपुरी सहित राज्य के अन्य जिलों से भी गोवर्धन पूजा पर्व मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

छठ– विशेष रेलगाड़ियां

छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में आनंद विहार, नई दिल्ली और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों से विशेष रेलगाड़ियों का संचालन हो रहा है। उत्तर रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आकाशवाणी समाचार से बताया कि त्योहारी सीजन के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से 3 हजार 200 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

मौसम

प्रदेश में अब कई शहरों में सर्दी का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने नवंबर के दूसरे हफ्ते सर्दी बढ़ने का अनुमान जताया है। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और दूसरे शहरों में रात के तापमान में गिरावट आएगी। कल प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे सर्द रहा। यहां रात का तापमान 12.6 डिग्री पहुंच गया। उज्जैन, मंडला समेत 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे ही रहा।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों के इलाज में अब दिक्कत नहीं होगी। आयुष्मान कार्ड उनका मददगार बनेगा। वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना की जबलपुर में भी शुरुआत हुई।
- नर्मदापुरम जिले में 17 से 21 नंवबर तक शिक्षा विभाग की बेडमिंटन, शतरंज की राष्ट्रीय स्पर्धा होगी। इसमें देशभर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

और

- चार धामों में से एक गंगोत्री धाम के कपाट आज अन्नकूट पर्व के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं।

नमस्कार